दिन—रविवार दिनांक— 26 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। सभी पार्टियों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। इस चरण में आठ संसदीय क्षेत्रों— नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने आज जहानाबाद में एनडीए उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि भारत में आज मजबूत सरकार है। जो देश के भीतर और देश के बाहर भी अपने नागरिकों की सुरक्षा में सक्षम है। उन्होंने दावा किया की इस चुनाव में जनता भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जंगलराज के खिलाफ एनडीए के समर्थन में बड़े पैमाने पर मतदान कर रही हैं। श्री नड्डा आरा और नालंदा लोकसभा क्षेत्र में भी एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में सभा कर रहे है। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सासाराम संसदीय क्षेत्र के कैमूर में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित किया। श्री शाह काराकाट में भी एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव बक्सर, काराकाट, अरवल, नालंदा और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

———————————————————————

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सासाराम लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कैमूर के मोहनिया में सभा को सम्बोधित किया। श्री खड़गे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ही संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने में सक्षम है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में असंगठित क्षेत्र के लिए जो भी बाते कही है सरकार बनने पर उसे पूरा करेंगे। श्री खड़गे पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित एक चुनावी सभा को भी सम्बोधित करेंगे। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा ने भाजपा पर बदले की भावना से

राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पटना मे संवाददाताओ से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पार्टी नेता तेजस्वी यादव को चुनाव के बाद जेल भेजने की बात कर रहे हैं, जो अनुचित है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कल पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के पालीगंज और आरा लोकसभा क्षेत्र के जगदीशपुर में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और रेल पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के पद पर कार्यरत आशीष कुमार को सारण जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला का स्थानान्तरण कर दिया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थको के बीच हिंसक झड़प की घटना के बाद चुनाव आयोग ने पुरी रिपोर्ट मांगी थी।

———————————————————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में कल बोधगया में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसका उद्‌घाटन आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन मगध बोधगया विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान में सुबह छह बजे से सुबह आठ बजे तक किया जायेगा।

———————————————————————

पवित्र हज यात्रा के लिए गया हवाई अड्‌डे से राज्य के आजमीनें हज की रवानगी आज से शुरू हो गई है। तीन सौ बीस हज यात्रियों का पहला जत्था गया

एयरपोर्ट से मक्का और मदीना के लिए रवाना हुआ। इस दौरान राज्य हज कमिटी के पदाधिकारियों के साथ ही जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी को प्रकोप जारी है। पटना, नालंदा, गया, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्या भागों मे अधिकतम पारा बियालीस डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण के कुछ भागों में मध्यम स्तर की वर्षा भी हुई है। वाल्मीकिनगर में छियासठ मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के पूर्वानुमान में बताया कि मधुबनी, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, बक्सर, नालंदा, मुंगेर समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य स्थानों के कई भागों में लू चलने की संभावना है। वहीं, पटना, दरभंगा, रोहतास और नालंदा जिले के कई भागों में आज गर्म रात्री की आशंका है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।